नई दिल्ली, गुरुवार
4 फरवरी, 2021
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 14+8=22

दैनिक जागरण

www.jagran.com

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

असम में अप्रैल से बंद होंगे सभी सरकारी मदरसे 9
आव्रजजन पर ट्रंप की सख्त नीतियों को बाइडन ने पलटा 10

फिल्म सिटी की ड्राफ्ट डीपीआर 10 फरवरी तक मिलेगी

जासं, ग्रेटर नोएडा : कोल्डवेल बैंकर रिचर्ड एलिस (सीबीआरई) यीडा सिटी में विकसित होने वाली फिल्म सिटी की ड्राफ्ट विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) 10 फरवरी तक सौंप देगी। इसे प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा।

सरकार से मिले सुझावों को शामिल करते हुए अंतिम रिपोर्ट तैयार होगी और विकास का माडल तय होगा। फरवरी के अंतिम सप्ताह या मार्च के पहले सप्ताह में अंतिम रिपोर्ट तैयार हो जाएगी। मुंबई फिल्म इंडस्ट्री की तर्ज पर यीडा सिटी में फिल्म सिटी विकसित करने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी। यीडा सिटी के सेक्टर 21 में एक हजार एकड़ क्षेत्र में इसे विकसित किया जाएगा। फिल्म सिटी की डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी यमुना प्राधिकरण ने सीबीआरई को सौंपी थी। कंपनी ड्राफ्ट रिपोर्ट 10 फरवरी तक प्राधिकरण को सौंप देगी। दुनियाभर की फिल्म सिटी के अध्ययन के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है, ताकि यीडा सिटी में विकसित होने वाले फिल्म सिटी को सबसे बेहतर बनाया जा सके। फिल्म सिटी को विकसित करने के माडल पर भी कंपनी को सुझाव देना है। फिल्म सिटी में फिल्म निर्माण के लिए प्री प्रोडक्शन से लेकर पोस्ट प्रोडक्शन तक सभी सुविधाएं विकसित होंगी। विशेष प्रभाव, ध्वनि मिश्रण, एडिटिंग, शूटिंग के लिए इंडोर, आउटडोर लोकेशन विकसित होंगी। एनिमेशन फिल्म, वेब सीरीज आदि के निर्माण के लिए भी सभी जरूरी सुविधाएं विकसित होंगी।

> फिल्म सिटी की ड्राफ्ट डीपीआर फरवरी के दूसरे सप्ताह में मिल जाएगी। इसके आधार पर फिल्म सिटी को विकसित करने के लिए माडल तय होगा। -**डॉ. अरुणवीर सिंह**, सीईओ, यमुना प्राधिकरण